## सम्पादकीय

शनिवार, 03 मई 2025

# खुद बदला लिया और भारत को बातचीत की सलाह

अमेरिका ने अपनी धरती पर हुए आतंकवादी हमले का बदला अफगानिस्तान और पाकिस्तान में घुस कर लिया। लेकिन जब भी उसके चहेते देश पाकिस्तान द्वारा पाले-पोसे गए आतंकवादियों ने भारत को दहलाने का काम किया। तब-तब अमेरिका आगे आकर मीठी-मीठी जुबान में भारत को शांति का पाठ पढ़ाता नजर आया। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरा भारत गुस्से में है। हर सच्चा हिंदुस्तानी पाकिस्तान से बदला लेना चाहता है, आतंकवादियों को सबक सिखाना चाहता है। भारत सरकार पर पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। लेकिन पाकिस्तान को आतंकवाद का ट्रेनिंग सेंटर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला अमेरिका एक बार फिर से भारत को फंसाने के लिए मैदान में उतर आया है। अपने चिर-परिचित पुराने स्टाइल में अमेरिका ने पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की, भारत का साथ देने का भरोसा दिया लेकिन कुछ ही दिन बाद पाकिस्तान की भाषा बोलते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर विवाद को 1,500 साल पुराना विवाद बता दिया। ट्रंप यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने आतंकवाद से पीड़ित देश भारत और आतंकवाद को फैलाने वाले देश पाकिस्तान को एक ही पायदान पर रखते हुए दोनों ही देशों को अपना करीबी बता दिया। भारत का स्टैंड बिल्कुल साफ है कि आतंकवाद फैलाने वाले देश (पाकिस्तान) से तब तक बातचीत करने का कोई फायदा नहीं है, जब तक वह आतंकवाद को फैलाना बंद न कर दे। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बावजूद अब अमेरिका भारत को आतंकवादी देश पाकिस्तान से बातचीत करने की सलाह दे रहा है। भारत के सख्त तेवरों को देखते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान को बचाने के लिए शांति का राग अलापना शुरू कर दिया और अपने इस षड़यंत्र में अन्य पश्चिमी देशों की भूमिका भी तय कर दी।अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने इस मिशन को कामयाब बनाने के लिए बुधवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान,अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया। भारत के विदेश मंत्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, दोनों से अलग-अलग बातचीत करने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि, अमेरिका आतंकवाद से लड़ाई में भारत का समर्थन करता है लेकिन उसी बयान में पाकिस्तान से पहलगाम हमले की जांच में सहयोग करने का आग्रह किए जाने की बात भी कही गई है। मतलब, अमेरिका सीधे-सीधे यह कहना चाह रहा है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने की बजाय भारत को उसके साथ मिलकर जांच करनी चाहिए। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने गुरुवार को भारत को नसीहत देते हुए यह कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत युद्ध नहीं भड़काएगा। भारत को नसीहत देते हुए जेडी वेंस ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि उन्हें आशा है कि भारत इस आतंकवादी हमले का जवाब इस तरह से दे जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष न हो और वे आशा करते हैं कि पाकिस्तान, जिस हद तक वो जिम्मेदार है, भारत के साथ सहयोग करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कभी-कभी उनके क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाया जाए और उनसे निपटा जाए।

# असली सुख-शांति बाहर नहीं अपितु अपने भीतर है...


अपनी बात — दैनिक चैतन्य लोक

*सच है कि जिस जीव ने जन्म पाया है, जीवन की पहली घड़ी से ही उसकी मृत्यु की गिनती शुरू समझो! आज दुःख है, तो कल सुख भी सुनिश्चित मानो। यदि व्यापार में आज लाभ मिल रहा है, तो आगे कभी हानि उठाना भी उतना ही प्राकृतिक समझो! यदि आज हमें किसी कार्य के लिए समाज से मान-सम्मान मिल रहा है, तो कभी ऐसी घड़ी भी आ सकती है जब यह मान-सम्मान मिट्टी में मिल जाए और अपमान की कड़वी घूंट पीनी पड़े। जीवन के इस उतार-चढ़ाव को यदि हम समान भाव से स्वीकार सकें, तभी यह जीवन सफल है।*



सीमा-मनीष शर्मा
स्वतंत्र लेखिका

*सच्चा योगी वही है जो न तो किसी चीज के प्रति मोह-माया रखता है, न ही किसी चीज से द्वेष-वैमनस्य! कठिन से कठिन घड़ी में वह चट्टान के समान अचल रहकर उसे उसी भाव से स्वीकार कर लेता है, जैसे कि अगले पल चली सुख और खुशियों की बयार। उसे जीवन के आरोहण-अवरोहण में, धूप-छांव में समान रूप से प्रभु के ही दर्शन होते हैं। जीवन में सुख-शांति, प्रसन्नता अथवा दुःख, क्लेश, अशांति, पश्चाताप आदि का आधार मनुष्य के अपने विचार हैं, अन्य कोई कारण नहीं। समृद्ध, ऐश्वर्य संपन्न जीवन में भी व्यक्ति गलत विचारों के कारण दुःखी रहता है और उत्कृष्ट विचार वाले, किसी का किंचितमात्र भी नुकसान न करने वाले और परोपकारी व्यक्ति अपने अभावग्रस्त जीवन में भी सुख-शांति, प्रसन्नता का अनुभव करता है। यह एक सुनिश्चित तथ्य है। जो लोग वक्त पे यह बात समझ जाते हैं कि जिन्दगी की असली खुशी बाहर नहीं अपने अंदर ही है ऐसे लोग भविष्य में असली सुख-शांति पाते हैं। जगत का सारा सुख मिथ्या है, मोह के कारण ही हम दुख रूपी जगत को सुख समझते हैं। हर मनुष्य का लक्ष्य पैसा कमाना, अच्छी नौकरी, बड़ा मकान, बड़ी गाडी, सुन्दर पत्नी को पाना होता है वो इन्हें ही जिन्दगी का सबसे बड़ा सुख समझते है और यदि वो इन वस्तुओं को प्राप्त भी कर ले तभी उसका मन शांत नहीं होता बल्कि उसकी इच्छा और बड़ी हो जाती है, और वह अशांत होता चला जाता है। जिस प्रकार सिंकदर जिसने आधा भारत जीत लिया लेकिन उसकी इच्छा समाप्त होने की बजाय और बढ़ गयी, वह पूरा भारत जीतने की सोचने लगा उसका मन में इतनी अशांति फैल गई कि वो परेशान होकर इधर-उधर महलों में भटकता रहता। इस परेशानि को दुर करने के लिए वो अपने सैनिकों के साथ सैर पर निकला उसे जाते देख गांव के सारे लोग अपना सर झुकाकर उसको नमस्कार करने लगे। इसी बीच राजा एक झोपड़ी के पास से गुजरा जहां एक बाबा पेड़ की छांव में बैठ मन ही मन ध्यान कर रहे थे। जब सिंकदर ने उस बाबा को देखा तो उसने बाबा को गुस्से में कहा कि आप ने मुझे देखकर भी अनदेखा कर दिया। क्या तुम्हें मालूम है कि यह सारी प्रजा मेरी गुलाम है और तुम एक राजा का अपमान कर रहे हो जिसकी सजा मौत भी हो सकती है। यह सुनकर बाबा को हंसी आ गई और बाबा ने कहा कि तुम से बड़ा राजा तो में हो जिसने अपने गुस्से को अपना गुलाम बना लिया और तुमने अभी तक अपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं किया और कहते हो कि तुम राजा हो, ये बात राजा के मन में घर कर गई, वो समझ चुका था कि असली सुख-शांति बाहर नहीं अपितु अपने भीतर है, और सिंकदर अपने देश को वापस चल दिया। कहने का तात्पर्य ये है कि असली शांति अपने नकारात्मक भाव को अपने नियंत्रण में कर सकारात्मक भाव की और अग्रसर होना है।*



## WAVES 2025 में अमेजन एमएक्स प्लेयर ने किया बड़ा ऐलान 20 से ज्यादा इंटरनेशनल टाइटल्स अब हिंदी में

**मुंबई।** इस मई मनोरंजन के लिए तैयार हो जाइए, अमेज़न एमएक्स प्लेयर, अमेज़न की मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा ने WAVES 2025 (वर्ल्ड ऑडियो विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट) में धमाकेदार अंदाज़ में 20 से ज़्यादा नए इंटरनेशनल टाइटल्स को अपनी सुपरहिट V-Desi कैटलॉग में शामिल करने की घोषणा की है। इस बार दर्शकों को बहुप्रतीक्षित कोरियन, मंदारिन और तुर्की ड्रामे भी देखने को मिलेंगे, साथ ही पहली बार प्लेटफ़ॉर्म पर एनिमे (जापानी एनीमेशन) की शुरुआत हो रही है – जो स्ट्रीमिंग सेवा के लिए पहली बार है। इस कदम से डब की गई अंतर्राष्ट्रीय कंटेंट के लिए सबसे बड़े AVOD गंतव्य के रूप में Amazon MX Player की स्थिति मजबूत हुई है, इसकी कंटेंट लाइब्रेरी में अब 200 से अधिक कोरियन, मंदारिन, तुर्की और जापानी एनिमी शोज़ शामिल हैं और हर हफ्ते इसमें नए शोज़ जुड़ते जा रहे हैं, जो हिंदी, तमिल और तेलुगु में स्ट्रीम होंगे। नई घोषित की गई इस सूची में विभिन्न शैलियों का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा- जिसमें तेज़-तर्रार कॉर्पोरेट रोमांस फेक इट टिल यू मेक इट, दिल को छू जाने वाली कहानी वेंडरेला डायरी, गहरी भावनाओं से भरा तुर्की ड्रामा क्रिसलिस, और कल्पनाओं से भरपूर फिश नोज यू शामिल हैं। के-ड्रामा प्रेमियों के लिए भी शानदार विकल्प मौजूद हैं, जैसे गॉस इलेक्ट्रॉनिक्स और प्राइड एंड प्रेजुडिस, जो रोमांस, कॉमेडी और सस्पेंस का बेहतरीन तालमेल पेश करते हैं।



## विजिंजम बना भारत की समुद्री शक्ति का द्वार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया विजिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट

तीन दशक पुराने सपने ने आखिरकार आकार ले लिया। केरल के तट पर स्थित छोटा-सा मछुआरों का गांव विजिंजम आज भारत के समुद्री इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से दर्ज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का पहला पूर्ण रूप से स्वचालित और गहरे समुद्र वाला 'विजिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट' राष्ट्र को समर्पित किया। यह बंदरगाह न केवल भारत की समुद्री क्षमताओं का प्रतीक है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।

**1991 में देखे गए सपने से 2025 की उपलब्धि तक-** इस बंदरगाह की परिकल्पना 1991 में की गई थी। कई सरकारों और योजनाओं ने इसे आगे बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा, कानूनी पेच और निवेश की कमी ने हर प्रयास को अधूरा छोड़ दिया। वर्ष 2015 में यह सपना फिर से जागा जब केरल सरकार ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के साथ इस परियोजना को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल में शुरू किया। यह पहला मौका था जब कोई निजी समूह इतनी बड़ी समुद्री परियोजना में उतरा।




**बाधाओं का समंदर पार किया-** इस बंदरगाह को बनाने की राह में वास्तविक और प्रतीकात्मक कई तूफान आए। 2017 में आए चक्रवात ओखी ने निर्माणाधीन संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचाया। उसके बाद निर्माण सामग्री की कमी, खासकर चूना पत्थर की अनुपलब्धता ने काम की रफ्तार को धीमा कर दिया। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर रोजगार की चिंता को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन ने भी चुनौती खड़ी की। और जब यह सब झेल ही रहे थे, तभी आई कोरोना महामारी, जिसने दुनिया के साथ इस परियोजना को भी ठहराव में डाल दिया।

## कॉर्पोरेट — दैनिक चैतन्य लोक

### इंदौर में आयोजित होगा 'होमली योर्स दुबई प्रॉपर्टी एग्जिबिशन'

**चैतन्य लोक, इंदौर।** भारत के तेजी से उभरते रियल एस्टेट हब के रूप में इंदौर को एक नई पहचान दिलाने की दिशा में, देश की अग्रणी रियल एस्टेट एडवाइजरी और प्रॉपटेक कंपनी होमली योर्स रियल टेक द्वारा 3 और 4 मई को विजय नगर स्थित कृष्णा बिज़नेस सेंटर में दुबई रियल एस्टेट रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम सभी के लिए प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक खुला रहेगा। इसमें दुबई के चुनिंदा रेसिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स को शोकेस किए जाएंगे, जिनकी शुरुआती कीमत 1 करोड़ से होगी। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि AED 20 लाख (लगभग 4.5 करोड़) या उससे अधिक की संपत्ति में निवेश करने वालों को फ्री यूएई गोल्डन वीजा भी मिलेगा, जिससे न केवल आकर्षक रिटर्न्स मिलेंगे, बल्कि यूएई में लंबे समय तक रहने का मौका भी मिलेगा। होमली योर्स के संस्थापक आलोक प्रियदर्शी ने कहा, ''इंदौर अब एक परिपक्व होता बाजार है, जहां अंतरराष्ट्रीय निवेश की आकांक्षा तेजी से बढ़ रही है। यह रोड शो खासतौर पर पारदर्शिता, विशेषज्ञता और वैश्विक पहुंच को एक मंच पर लाने का प्रयास है।'' होमली योर्स मुंबई, कल्याण, बेंगलुरु के साथ ही दुबई में भी काम करता है। यह प्रॉपर्टी खोजने से लेकर कानूनी परामर्श, निवेश सलाह, लीजिंग और एसेट मैनेजमेंट तक सभी सेवाएं प्रदान करता है। इंदौर रोड शो के साथ कंपनी शहर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक नई शाखा खोलने की योजना में भी है। इसके अतिरिक्त, कंपनी हाई-स्ट्रीट कमर्शियल लीजिंग में भी प्रमुख भागीदार है, जो डेवलपर्स और प्रॉपर्टी मालिकों को स्टारबक्स, बारबेक्यू नेशन, क्रोमा, स्टाइल बाजार जैसी नामचीन ब्रांड्स से जोड़ती है। इस प्रोग्राम को होमली योर्स की दुबई ब्रांच की सीनियर एसोसिएट सोनिया खनूजा लीड कर रही है, जो इंदौर से ही है। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ एक एग्जीबिशन नहीं, बल्कि एक सेतु है। मैं दोनों बाजारों को समझती हूं और मुझे लगता है कि इंदौर के निवेशकों के लिए वैश्विक संपत्तियों को लेने का यह सुनहरा अवसर है।'' **दुबई में निवेश क्यों करें?-** दुबई रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के लिए ग्लोबल हॉट स्पॉट में से एक है। टैक्स-फ्री रेंटल इनकम, 8–12% तक के हाई रेंटल यील्ड्स, 100% विदेशी स्वामित्व, वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टेबल गवर्नेंस और बढ़ती प्रवासी आबादी के कारण यह शहर वैश्विक निवेशकों के लिए सुरक्षित और लाभकारी विकल्प प्रदान करता है।

### लैवेटरी केयर के बादशाह और बॉलीवुड के किंग ने मिलाया हाथ: हार्पिक ब्रांड एंबेसडर के रूप में शाहरुख खान का स्वागत करता है

भारत के नंबर 1 टॉयलेट और बाथरूम क्लीनर तथा 100 मिलियन से अधिक घरों का घर की सफाई का भरोसेमंद साथी हार्पिक, बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान का अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्वागत करके अपनी शानदार विरासत की यात्रा को आगे ले जाने की गर्व के साथ घोषणा करता है। यह बेमिसाल पार्टनरशिप हार्पिक की बेहतरीन सफाई की शानदार विरासत और शाहरुख खान के सम्मोहक व्यक्तित्व, साझा मूल्यों और भारतीय परिवारों के बीच उनकी लोकप्रियता को एक साथ लाती है। हार्पिक ने एक सदी से भी अधिक समय से, पूरी दुनिया में सफाई और स्वच्छता के मानकों को फिर से परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, भारत के हर 3 में से 1 घर हार्पिक का इस्तेमाल करता है, हार्पिक ने शहरी और ग्रामीण भारत में परिवारों को स्वस्थ बनाने में भी अहम भूमिका निभाई है क्योंकि यह सफाई का एक शक्तिशाली, असरदार और भरोसेमंद समाधान प्रदान करता है। शाहरुख खान के साथ हार्पिक की पार्टनरशिप हर भारतीय घर में गरिमा, केयर और बेहतर स्वच्छता को प्रेरित करने की इसकी यात्रा में एक नया मील का पत्थर है। शाहरुख खान ने ब्रांड के साथ अपने इस जुड़ाव परकहा, 'स्वच्छता की शुरुआत छोटे लेकिन असरदार कार्यों से होती है। हार्पिक के साथ काम करने पर मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो दशकों से भारतीय घरों में स्वच्छता और गरिमा को बढ़ावा दे रहा है। मैं हमरी गुमनाम हीरोज-गृहणियों- की बहुत इज्जत करता हूं, जिनकी अथक मेहनत से ही परिवारों के स्वास्थ्य और खुशी मिलती है। वे सर्वश्रेष्ठ की हकदार हैं।




### उमा एक्सपोर्ट्स ने नवी मुंबई में नया पल्स यूनिट स्थापित कर प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाई

**मुंबई।** उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (NSE: UMAEXPORTS | BSE: 543513), कृषि-व्यापार में अग्रणी कंपनियों में से एक, ने नवी मुंबई में अपनी लीज़ पर ली गई सुविधा में पल्स निर्माण संचालन की शुरुआत की घोषणा की। नए संयंत्र ने अपनी ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरी कर ली है और अब यह पूरी तरह से संचालन में है, जिससे उत्पादन क्षमता में 36,000 MTPA की वृद्धि हुई है। यह विकास कंपनी की रणनीतिक दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो केवल व्यापार से आगे बढ़कर मूल्यवर्धित निर्माण की ओर अग्रसर हो रही है। यह नया उद्यम पूरी तरह से आंतरिक संचित निधियों द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिससे कोई बाहरी निवेश की आवश्यकता नहीं है, और यह कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से मेल खाता है, जो प्रसंस्कृत दालों की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने पर केंद्रित है। यह रणनीतिक कदम कंपनी का प्रसंस्करण क्षेत्र में पहला कदम है, जो पारंपरिक व्यापार-आधारित व्यापार मॉडल में विविधता ला रहा है। इस संयंत्र से FY26 की चौथी तिमाही तक कंपनी के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद है। व्यापार से प्रसंस्करण की ओर यह संक्रमण उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के बड़े दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसने कृषि उत्पादों के B2B व्यापार में एक मजबूत प्रतिष्ठा बनाई है। कंपनी चीनी, मसाले, अनाज, चाय, दालें और कृषि-चारा सामग्री सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का व्यापार करती है। उमा एक्सपोर्ट्स एक प्रतिष्ठित 'टू स्टार एक्सपोर्ट हाउस' है, जिसकी वैश्विक उपस्थिति अपनी 100% सहायक कंपनियों—U.E.L. इंटरनेशनल FZE (UAE) और ग्रेन्सकॉम ऑस्ट्रेलिया Pty Ltd के माध्यम से है। इसके उत्पाद 10 से अधिक देशों में निर्यात होते हैं, जिनमें श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई, मलेशिया, रूस, जिबूती और बेनिन शामिल हैं। प्रसंस्करण में यह विस्तृत एकीकरण न केवल आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि उमा एक्सपोर्ट्स को उच्च मूल्यवर्धित कृषि उत्पादों की पेशकश करने की भी अनुमति देता है। उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राखेश खेमका ने कहा, 'नवी मुंबई में हमारे पल्स प्रसंस्करण यूनिट की 36,000 MTPA क्षमता के साथ शुरुआत, हमारे एकीकृत संचालन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा बढ़ती हुई घरेलू मांग को पूरा करने में हमारी क्षमता को मजबूत करती है, साथ ही गुणवत्ता, लागत और डिलीवरी समयसीमाओं पर बेहतर नियंत्रण भी प्रदान करती है। इस संयंत्र को बिना किसी पूंजी निवेश के किराए पर स्थापित किया गया है, जो पूरी तरह से आंतरिक संसाधनों से वित्तपोषित है।

## पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड- 50 सालों से ऊर्जा और प्रगति का शक्ति स्रोत

**अहमदाबाद।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसई – PIGL, बीएसई – 543912), विद्युत ठेका और उपकरण उद्योग की प्रमुख कंपनियों में से एक, गर्व के साथ मना रही है अपनी स्वर्ण जयंती – भारत की विद्युत अवसंरचना को समर्पित नवाचार, सेवा और संकल्प के 50 स्वर्णिम वर्ष। पद्मनाभन पिल्लै के दृष्टिकोण से स्थापित, पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन ने विश्वसनीय विद्युत समाधान देने के संकल्प के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी। आज यह कंपनी भारत की ऊर्जा क्षेत्र की धड़कन बन चुकी है – एक पूर्ण ईपीसी सेवा प्रदाता के रूप में। पाँच दशकों में कंपनी का उद्देश्य भी विकसित हुआ है: कभी घरों और उद्योगों को रोशन करना था, अब पूरे देश में जटिल पावर नेटवर्क और उच्च वोल्टेज परियोजनाओं को सशक्त बनाना है। **पाडाव की यात्रा -** 1975 – एक दृष्टि का उदय। गुणवत्ता और ग्राहक विश्वास की नींव पर एक छोटे से इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टिंग फर्म के रूप में शुरुआत। **1982 – बुनियाद को औपचारिक रूप देना-** ''पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) प्राइवेट लिमिटेड'' के रूप में कंपनी का गठन – संगठित विकास और पेशेवर परियोजना निष्पादन की दिशा में पहला कदम। **1988 – पहला बड़ा अनुबंध-** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से पहला राष्ट्रीय स्तर का ठेका प्राप्त कर विश्वसनीयता स्थापित की। **1994 – टेलीकॉम को ऊर्जा देना-** MTNL के लिए देश का सबसे बड़ा डिस्ट्रीब्यूशन सबस्टेशन स्थापित किया – भारत की दूरसंचार क्रांति में अहम भूमिका। **2004 – भरोसेमंद नाम-** ''पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड'' के रूप में नया नाम, सभी क्षेत्रों में विश्वसनीय भागीदार की छवि को और मजबूत किया। **2007 – निर्माण की नई राह-** अपनी मैन्युफैक्चरिंग इकाई ''पीटन इलेक्ट्रिकल्स'' की शुरुआत – इन-हाउस गुणवत्ता और नवाचार को नई ऊंचाई।

## मोटोरोला ने भारत में लॉन्च किया एज 60 प्रो – असली फ्लैगशिप एआई अनुभव के साथ, 29,999 रुपये से शुरू

मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में दुनिया की अग्रणी कंपनी और भारत में अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने अपनी एज 60 सीरीज़ में एक नया स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 प्रो लॉन्च किया है। यह फोन बेहतरीन फीचर्स से लैस है – जैसे सेगमेंट का इकलौता 50एमपी +50एमपी+50एक्स (टेलीफोटो) एआई कैमरा सिस्टम, एक खास एआई की, और सबसे पर्सनल और स्मार्ट ऑन-डिवाइस एआई अनुभव। इसके अलावा, इसमें दुनिया का सबसे इमर्सिव 1.5K ट्रू कलर क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले दिया गया है। मोटोरोला एज 60 प्रो को DXOMARK से गोल्ड लेबल प्रमाणन मिला है, जिससे यह फोन दुनिया की सर्वोच्च बैटरी रेटिंग पाने वाला डिवाइस बन गया है। इसमें 6000mAh की दमदार बैटरी, 90W टर्बोपावर™ चार्जिंग और 15W वायरलेस चार्जिंग की सुविधा दी गई है। यह स्मार्टफोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8350 एक्सट्रीम प्रोसेसर से चलता है, जो तेज परफॉर्मेंस और एआई से भरपूर अनुभव देता है।




**एआई का नया अनुभव-** मोटो एआई के साथ मोटोरोला एज 60 प्रो, स्मार्टफोन एआई को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है। यह फोन पर्दे के पीछे चुपचाप काम करता है, ताकि आपको हर काम आसान, तेज और समझदारी से पूरा करने में मदद मिल सके। इसमें 'नेक्स्ट मूव' नाम का फीचर है, जो आपकी स्क्रीन पर चल रही चीज़ों – जैसे कोई रेसिपी या ग्रुप चैट – को पहचानता है और अगले स्टेप का सुझाव देता है। यह उन लोगों के लिए शानदार है, जो पहली बार एआई का अनुभव लेना चाहते हैं।

**इसके अलावा दो और बेहतरीन फीचर हैं:** प्लेलिस्ट स्टूडियो, जो आपके स्क्रीन पर दिख रही मूड के हिसाब से एकदम सही म्यूजिक प्लेलिस्ट बना देता है। इमेज स्टूडियो, जो आपके आइडिया को तस्वीरों, अवतार, स्टिकर या वॉलपेपर में बदल देता है – और ये सब कुछ एआई की मदद से होता है।

**स्मार्ट कनेक्ट फीचर-** मोटोरोला का स्मार्ट कनेक्ट फीचर भी अब एआई के साथ पहले से और बेहतर हो गया है। अब आप सिर्फ यह कहकर – "मुझे यह टीवी पर दिखाओ" – अपने फोन की ऐप को बड़ी स्क्रीन पर चला सकते हैं। आप चाहें तो फोन को लैपटॉप या टैबलेट से कनेक्ट करें और मल्टीटास्किंग के लिए हब व्यू का भी इस्तेमाल करें।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन के खिलाफ एफआईआर खारिज की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने इंफोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने शिकायत को ''कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग'' करार दिया और शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने की स्वतंत्रता प्रदान की। 16 अप्रैल को आदेश पारित करने वाले जज हेमंत चंदनगौदर ने कहा कि यह शिकायत ''याचिकाकर्ताओं को परेशान करने का एक कष्टप्रद प्रयास'' है। यह एफआईआर भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के पूर्व संकाय सदस्य डी. सन्ना दुर्गाप्पा द्वारा दर्ज की गई निजी शिकायत पर आधारित थी, जिन्हें यौन उत्पीड़न के आरोपों की आंतरिक जांच के बाद 2014 में बर्खास्त कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि 2015 में हाईकोर्ट में चुनौती दिए जाने के बाद बर्खास्तगी को इस्तीफे में बदल दिया गया था। उस समय समझौते के तहत दुर्गाप्पा ने संस्था और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ सभी शिकायतें और कानूनी कार्यवाही वापस लेने पर सहमति व्यक्त की थी। इसके बावजूद, उन्होंने दो और एफआईआर दर्ज कीं, जिनमें से दोनों को 2022 और 2023 में रद्द कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान एफआईआर में भी इसी तरह के आरोप हैं और यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए क्रिस गोपालकृष्णन ने कहा, "मुझे हमारी कोर्ट और न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। यह फैसला इस बात की पुष्टि करता है कि कानूनी प्रावधानों के दुरुपयोग के लिए निष्पक्ष और न्यायपूर्ण प्रणाली में कोई जगह नहीं है। मैं आभारी हूं कि माननीय हाईकोर्ट ने झूठ को पहचाना और सच्चाई को बरकरार रखा।"



## पोको ने फ्लिपकार्ट की सासा लेले सेल के दौरान सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर दिए शानदार डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** अगर आप अपने स्मार्टफोन को अपग्रेड करना चाहते हैं, तो ये बिलकुल सही वक्त है। भारत का सबसे तेजी से बढ़ रहा ऑनलाइन स्मार्टफोन ब्रैंड पोको, सासा लेले सेल नाम से मशहूर फ्लिपकार्ट के बिग सेविंग डेज 2025 में अब तक की सबसे कम कीमतें लेकर आ रहा है। 2 मई से लेकर 8 मई तक पोको के सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स उनकी सबसे कम कीमतों पर पाइये। फ्लिपकार्ट प्लस और वीआईपी मेम्बर्स के लिये तो यह मौका 1 मई को दोपहर 12 बजे से ही शुरू हो गया है। चाहे आपको प्रमुख फायरपावर चाहिये या ढेर सारी खूबियों से भरपूर 5जी फोन्स, यह सेल सभी के लिये है। **पोको X7 सीरीज- ताकत और आकर्षण के साथ- पोको X7:** अपने सेगमेंट का सबसे मजबूत 1.5K एमोलेड 3D कर्व्ड डिस्प्ले, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 अल्ट्रा, 5500mAh बैटरी और 50MP सोनी LYT-600 कैमरा से पावर्ड। **पोको X7 प्रो:** अपने सेगमेंट का सबसे दमदार फोन। मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8400 अल्ट्रा, 6550mAh बैटरी, 50MP सोनी LYT-600 कैमरा और हाइपरओएस 2.0। **पोको M7 सीरीज-** ऑल-राउंड 5जी चैम्पियंस, **पोको M7:** 10000 रूपये की रेंज में आने वाला भारत का सबसे तेज 5जी फोन।




**पोको मई 2025 सेल क्यों मायने रखती है:** पोको की मई 2025 सेल एक गेम-चेंजर क्यों है:

| क्र. | उत्पाद | वैरियंट | बिक्री मूल्य (बैंक ऑफर्स के साथ) |
|---|---|---|---|
| 1 | POCO C71 | 4+64 (Airtel) (एयरटेल) | 5,799 |
| 2 | POCO C71 | 4+64 | 6,499 |
| 3 | POCO C71 | 6+128 | 7,299 |
| 4 | POCO C75 | 4+64 | 7,699 |
| 5 | POCO C75 | 4+128 | 8,499 |
| 6 | POCO M7 | 6+128 | 9,499 |
| 7 | POCO M7 | 8+128 | 10,699 |
| 8 | POCO M6 Plus | 6+128 | 9,999 |
| 9 | POCO M6 Plus | 8+128 | 10,999 |
| 10 | POCO M7 Pro | 6+128 | 11,999 |
| 11 | POCO M7 Pro | 8+256 | 13,999 |
| 12 | POCO X7 5G | 8+128 | 15,999 |
| 13 | POCO X7 5G | 8+256 | 17,999 |
| 14 | POCO X7 Pro | 8+256 | 22,999 |
| 15 | POCO X7 Pro | 12+256 | 24,999 |
| 16 | POCO F6 | 12+256 | 22,999 |

(फुल स्वाइप या ईएमआई के जरिये सारे बैंक के ऑफर्स एचडीएफसी, ऐक्सिस और आईसीआईसीआई सीसी/ डीसी ट्रांजैक्शंस पर लागू हैं।)

## मंगलम वर्ल्डवाइड ने FY25 में 46% की शानदार वृद्धि दर्ज की

मुंबई। मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड (MWL) (NSE EMERGE – MWL), एक पूर्ण रूप से एकीकृत स्टेनलेस-स्टील कंपनी, ने अपनी चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष 2025 के लिए ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। **स्वतंत्र प्रमुख वित्तीय हाइलाइट्स-** कुल आय 1,066.03 करोड़, वर्ष दर वर्ष (YoY) वृद्धि 29.61% , EBITDA 59.11 करोड़, वर्ष दर वर्ष (YoY) वृद्धि 42.32%। EBITDA मार्जिन 5.54%, वर्ष दर वर्ष (YoY) वृद्धि 49.51 बीपीएस, शुद्ध लाभ 29.41 करोड़, वर्ष दर वर्ष (YoY) वृद्धि 46.32%। शुद्ध लाभ मार्जिन 2.76%, वर्ष दर वर्ष (YoY) वृद्धि 31.50 बीपीएस। कंसोलिडेटेड मुख्य वित्तीय हाइलाइट्स FY25। कुल आय 1,066.03 करोड़, वार्षिक वृद्धि 29.61%, BITDA 60.06 करोड़, वार्षिक वृद्धि 41.25%। EBITDA मार्जिन 5.63%, वार्षिक वृद्धि 46.32 बिप्स , शुद्ध लाभ 29.48 करोड़, वार्षिक वृद्धि 35.05%। शुद्ध लाभ मार्जिन 2.77%, वार्षिक वृद्धि 11.12 बिप्स। मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड के चेयरमैन श्री विपिन प्रकाश मंगल ने प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, ''मैं वित्तीय वर्ष 25 के लिए मजबूत वृद्धि की रिपोर्ट करके अत्यंत गर्वित हूं, और हम सभी हितधारकों की अपेक्षाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम रहे हैं।

IN THE COURT OF THE MOTOR ACCIDENTS CLAIMS TRIBUNAL (V ADDL. DISTRICT JUDGE) (WOMEN COURT) AT: KHAMMAM
M.V.O.P. No.493/2023
Between:
Shaik Rafi ...Petitioner/Claim Petitioner
AND
Wasim Akthar Khan & others .... Respondents
To
NOTICE
R1) Wasim Akthar Khan S/o Abdul Gaffar Khan, Age: 21 years, Occu: Driver Eicher Van bearing No. MP 04 HE-5489, R/o Gram Bhila, Lateri (Tah), Vidhsa District, Madhya Pradesh-464114 is the respondent No.1 herein.
R2)Mohammad Hanif S/o Md. Ibrahim, Occu: Owner Eicher Van bearing No. MP 04 HE-5489, R/o Fish Market, Sehore, Bhopal, Madhya Pradesh-466001 is the respondent No.2 herein.
Take notice that the claim petitioner filed the above case against you for grant of compensation an account of Injuries Sustained in motor Accident before the Hon'ble Court. that the above case posted for your appearance on **20/5/2025 at 10:30 AM** at Khammam in above said court in Telangana State. As such you may Appear in personally or through your counsel **Before the Honerble Court** without fail otherwise the Hon'ble court will pass appropriate orders in your absence.
// BY ORDER OF THE HON'BLE COURT //
Sd/-vallala srinivas
Advocate
Cell.9440241641
Khammam, Telangana State.

ICICI Home Finance
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत
**शाखा कार्यालय :** पहला माला, 116, शेखर सेंट्रल, मनोरमागंज, इंदौर- 452001
**शाखा कार्यालय :** पहला माला, द एम्पायर, ऑफिस नं.-एफ-05, 33-सिटी सेंटर, वार्ड नं. 30, इंकम टैक्स बिल्डिंग के पास, माधव राव सिंधिया पार्क के सामने, ग्वालियर (मप्र) 474011.

[नियम 8(6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा;

| क्र. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम, ऋण खाता सं. | सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण ज्ञात भारों सहित, यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / बयाना राशि | संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय | नीलामी की तिथि एवं समय | नीलामी तिथि से एक दिन पहले | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) | (एच) | (आई) |
| 1. | देवेंद्र सोनी (उधारकर्ता) नीतू. (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHIND00001479678 और LHIND00001479679 और LHIND00001479682 | मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के खजराना गाँव में स्थित साईकृपा कॉलोनी के प्लॉट क्रमांक 107 पर निर्माणाधीन मकान | रुपए 1,25,63, 122/- 25 अप्रैल 2025 | रुपए 1,41,18, 300/- / रुपए 14,11, 830/- | 13 मई 2025 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न | 20 मई 2025 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न | 19 मई 2025 को शाम 05:00 बजे से पहले | भौतिक कब्ज़ा |
| 2. | दिनेश कुमार राय (उधारकर्ता) सरोज राय (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHGWA00001398560 और LHGWA00001398575 | फ्लैट नंबर 406, शिव शक्ति अपार्टमेंट, वार्ड नंबर 36, गेंडेवाली सड़क नगर, लश्कर, तहसील और जिला। ग्वालियर (म.प्र.) | रुपए 19,41, 505/- 25 अप्रैल 2025 | रुपए 20,97, 900/- / रुपए 2,09, 790/- | 13 मई 2025 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न | 20 मई 2025 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न | 19 मई 2025 को शाम 05:00 बजे से पहले | भौतिक कब्ज़ा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://BidDeal.in) पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं/नोटिस को 19 मई, 2025 शाम 5.00 बजे से पहले आगे के ब्याज के साथ कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाता(ओं) को लेख के शीर्ष पर उल्लिखित ICICI होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर 19 मई, 2025 को शाम 04:00 बजे से पहले या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को लेख के शीर्ष पर उल्लिखित ICICI होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा कार्यालय के पते पर 19 मई, 2025 को शाम 05.00 बजे से पहले या उससे पहले पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों के फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में लेख के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी की शर्तों और नियमों या निविदाओं की प्रस्तुति के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया https://www.icicihfc.com/ पर जाएं।
दिनांक : 03 मई, 2025
स्थान : ग्वालियर, इन्दौर
प्राधिकृत अधिकारी, ''आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड''
CIN Number U65922MH1999PLC120106